पंजीकृत डाक

सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 की अपील धारा–19 के अन्तर्गत आदेश

श्री बी0डी0 सती, सहायक प्रवक्ता, राजकीय होटल मैनेजमैन्ट संस्थान, देहरादून के अपीलीय अनुरोध पत्र, दिनांक–21.08.2021 जो इस कार्यालय को दिनांक 26.08.2021 को प्राप्त हुआ है। अपीलीय अनुरोध पत्र में इंगित सूचना के क्रम में अपील की सुनवाई दिनांक–06.09.2021 को अपरान्ह–12:30 बजे निर्धारित की गयी। जिसकी सूचना सम्बन्धित पक्षों को कार्यालय पत्र संख्या–1597, दिनांक 31.08.2021 द्वारा पंजीकृत डाक से प्रेषित की गई। उक्त निर्धारित तिथि को अपीलार्थी तथा निम्न अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थेः–

1. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, कार्मिक अनुभाग, पर्यटन मुख्यालय।
2. वरिष्ठ सहायक, कार्मिक अनुभाग, पर्यटन मुख्यालय।

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा लोक सूचना अधिकारी के स्तर से प्रेषित की गई सूचनाओं तथा अपीलार्थी के अनुरोध पत्र का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी के द्वारा सूचना चाहने विषयक अनुरोध पत्र दिनांक 26.06.2021 के माध्यम से 09 बिन्दुओं पर सूचना मांगी गयी थी, उक्त 09 बिन्दुओं पर चाही गयी सूचना, लोक सूचना अधिकारी के पत्र संख्या–950/2–10–242/2021, दिनांक 22.07.2021 द्वारा आवेदक को पंजीकृत डाक से सूचना उपलब्ध करायी गयी। अपील सुनवाई के दौरान अपीलार्थी के अपीलीय अनुरोध पत्र, दिनांक–21.08.2021 तथा पत्रावलियों पर संरक्षित अभिलेखों का अवलोकन किया गया है, अवलोकन के उपरान्त अपीलार्थी की अपील सुनी गयी, अपील सुनवाई के उपरान्त निम्न निर्देश पारित किये जाते है।

लोक सूचना अधिकारी, पर्यटन मुख्यालय को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित अनुभाग से बिन्दु संख्या–01 के क्रम में दिनांक 23.03.2017 के पदोन्नति/समायोजन के आदेश की छायाप्रति, बिन्दु संख्या–08 के क्रम में तत्कालीन सचिव पर्यटन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त की छायाप्रति एवं एवं बिन्दु संख्या–09 के क्रम में राजकीय होटल मैनेजमैन्ट संस्थान, देहरादून की सेवानियमावली–2006 की छायाप्रति संबंधित अनुभाग से प्राप्त कर 10 दिन के भीतर अपीलकर्ता को निःशुल्क उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अतः अपील का निस्तारण किया जाता है।

ह0/-

(वी0एस0 चौहान)
अपीलीय अधिकारी।

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद्

सूचना का अधिकार

पं0 दीनदयाल उपाध्याय पर्यटन भवन, गढ़ीकैंट, देहरादून।
दूरभाषः 0135–2559898, फैक्स– 0135–2559988,
Website:-Uttarakhandtourism.gov.in

संख्या– 1821/2–10–242/2021 दिनांकः देहरादून 13 सितम्बर, 2021

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री बी0डी0 सती, सहायक प्रवक्ता, राजकीय होटल मैनेजमैन्ट संस्थान, देहरादून, उत्तराखण्ड।
2. उप निदेशक(कार्मिक अनुभाग), पर्यटन मुख्यालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उपरोक्त सूचना तैयार कर लोक सूचना अधिकारी, पर्यटन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. लोक सूचना अधिकारी, पर्यटन मुख्यालय।
4. विभागीय वेबसाईड पर अपलोड़ हेतु/आदेश पत्रावली।

(वी0एस0 चौहान)
अपीलीय अधिकारी।